दिनांकः 27.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राजस्थान दिवस के सिलसिले में आज भरतपुर में राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह आयोजित–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।
- केन्द्र सरकार जल्द ही निजी टैक्सी सेवा की तर्ज पर सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी।
- प्रदेश में खाद्य सुरक्षा सूची से स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए चलाये जा रहे गिव अप अभियान की अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई।
- खेलो इण्डिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज –64 पदकों के साथ राजस्थान पदक तालिका में चौथे स्थान पर ।

.......................

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज भरतपुर में राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह आयोजित किया गया। पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुए समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना के तहत पट्टे वितरित किये। उन्होंने माटी कलाकारों को बिजली चालित चाक और दिव्यांगों को पावर ड्रिवन व्हील चेयर तथा सहायक उपकरण भी वितरित किये। इस अवसर पर ग्रामीण विकास के नए ई वर्क पोर्टल 2.0 और मोबाइल एप का शुभारंभ भी किया गया। श्री शर्मा ने पण्डित दीन दयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना, दादू दयाल घुमन्तु सशक्तिकरण योजना, मां योजना के तहत न्यू पैकेज और मां नेत्र वाउचर योजना तथा गुरू गोलवलकर आशान्वित ब्लॉक विकास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के दिशा–निर्देश जारी किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय कल्याण की योजनाएं राज्य सरकार की प्राथमिक योजनाएं हैं। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार दीन दयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के विजन को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

......................

इस राज्य स्तरीय समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न जिलों के सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज जयपुर में पुलिस के डेढ़ सौ नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इन वाहनों में पुलिस थाना वाहन, पुलिस फील्ड अधिकारियों के वाहन, हाईवे रेस्क्यू व्हीकल, मोबाइल इन्वेस्टिगेशन

यूनिट तथा ट्रूप कैरियर वाहन शामिल हैं। राजस्थान दिवस के सिलसिले में पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर में सप्ताहभर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज जंतर मंतर पर विशेषयोग्य जन बच्चों के लिए **"देखो अपना शहर"** जागरूकता यात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बच्चों से संवाद किया। राजस्थान दिवस के उपलक्ष में हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में कल भीलवाड़ा में सुशासन समारोह और परसों कोटा में युवा तथा रोजगार उत्सव आयोजित होगा। 30 मार्च को राजस्थान दिवस पर जयपुर में भव्य समारोह रखा गया है। वहीं 31 मार्च को निवेश उत्सव मनाया जाएगा।

........................

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से जयपुर में '**राजस्थान आईटी दिवस 2025**' समारोह आयोजित किया जा रहा है। दो दिन के इस समारोह का शुभारंभ मुख्य सचिव सुधांश पंत और विभाग की सचिव अर्चना सिन्हा ने किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि समारोह का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाकर तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना और सहयोग के नए अवसर प्रदान करना है।

....................

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि सरकार जल्द ही सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी। सहकारिता के माध्यम से संचालित यह सेवा उबर और ओला के मॉडल पर काम करेगी। लोकसभा में एक बहस में हिस्सा लेते हुए श्री शाह ने कहा कि यह कदम सहकार से समृद्धि के अनुरूप उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ ही महीनों में एक बडी सहकारी टैक्सी सेवा शुरू की जायेगी जिसमें दुपहिया, टैक्सी, रिक्शा और चार पहियों वाले वाहनों का पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने सहकारी बीमा कम्पनी के गठन की भी बात कही, ये कम्पनी देश में सहकारिता प्रणाली के भीतर बीमा कारोबार करेगी।

...................

प्रदेश में गिव अप अभियान की अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पहले ये तारीख 31 मार्च थी। ये अभियान खाद्य सुरक्षा सूची से अपात्र लाभार्थियों के स्वेच्छा से अपना नाम हटाने के लिए चलाया जा रहा है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि सरकार वंचित वर्गों को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2024 से लेकर अब तक प्रदेश में 15 लाख से ज्यादा लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया है।

........................

आज विश्व रंगमंच दिवस है। मनोरंजन के क्षेत्र में रंगमंच की भूमिका और महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 27 मार्च को ये दिवस मनाया जाता है। इस साल का विषय है– **"रंगमंच और शांति की संस्कृति"**। राजस्थान में लोक नाट्य और रंगमंच का इतिहास काफी पुराना है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग नाट्य विधाएं प्रचलित हैं। इनमें तमाशा शैली सबसे आधुनिक है।

..................

भीलवाड़ा में आज रंग तेरस का पर्व पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वहां आज कोड़ामार होली खेली गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर मनाये जा रहे रंगोत्सव में स्त्री और पुरूषों ने बढ़—चढकर हिस्सा लिया।

...........................

उधर जिले के मांडल कस्बे में आज ऐतिहासिक नाहर नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें नर्तक पारम्परिक वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच शेर का स्वांग रचकर नृत्य करते हैं। इसमें उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा के शामिल होने का कार्यक्रम है।

.......................

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का आज समापन हो रहा है। आठ दिन की इस चैंपियनशिप में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, निशानेबाजी और टेबल टेनिस जैसे छह खेलों में एक हजार तीन सौ से अधिक पैरा—खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजस्थान कुल 64 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा इनमें 22 स्वर्ण, 18 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं। सबसे ज्यादा पदक पैरा ऐथलीट्स ने हासिल किये।

.......................

आईपीएल टी—ट्वेंटी क्रिकेट में आज हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। सनराइजर्स ने अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। उधर, लखनऊ सुपर जायंट्स को डेल्ही कैपिटल्स से हार का सामना करना पडा था।

.......................

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में उतार—चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से दिन के तापमान में 3 से 5 और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार अप्रैल के पहले सप्ताह से तापमान में फिर से बढोतरी हो सकती है। आज सीमावर्ती क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहां आज तेज हवाओं के साथ बादल छाये रहे। इससे तापमान में और गिरावट के आसार हैं। इस बीच सबसे ज्यादा 41 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान धौलपुर में दर्ज किया गया।

.......................

करौली की प्रसिद्ध शक्ति पीठ कैला देवी में आज से चैत्र नवरात्र मेला शुरू हुआ। मेले में आसपास के राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये गये हैं। करौली में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे आयोजित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेशभर में विभिन्न माता मन्दिरों में नवरात्रि की तैयारियां जोरो—शोरों से की जा रही है।

.......................

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय दिशा–निर्देश जारी किए हैं। आज नई दिल्ली के एम्स में आयोजित कार्यशाला में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मेडिकल ऑक्सीजन के बुनियादी ढांचे को ठीक से बनाए रखने और उसका उपयोग करने की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कोविड महामारी के प्रबंधन में भारत से सीख लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शुरू किया गया।

........................